भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3229**

**दिनांक 12.03.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**एमएसएमई में प्रवासी संविदा कामगार**

3229. **श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** क्या सरकार ने हाल ही में देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में नियोजित कामगारों की कुल संख्या का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण या आकलन किया है;

**(ख)** यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार के पास एमएसएमई क्षेत्र में नियोजित महिलाओं, प्रवासी और संविदा कामगारों की संख्या के संबंध में डेटा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(घ)** क्या उनकी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कोई विशिष्ट उपाय किए जा रहे हैं यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ङ)** क्या सरकार का एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ाने और काम करने की स्थितियों में सुधार के लिए कोई नई योजानाएं या नीतिगत हस्तक्षेप शुरू करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) **से** (ग)**:** एमएसएमई मंत्रालय द्वारा देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की कुल संख्या का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण या मूल्यांकन नहीं किया गया है। तथापि, एमएसएमई द्वारा उद्यम और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर रिपोर्ट किए गए रोजगार का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(घ):** सरकार संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में अनुबंध श्रमिकों / मजदूरों / कर्मचारियों सहित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी लाभ प्रदान करने के लिए विभिन्न अधिनियमों और स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। संगठित / असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मुख्य रूप से पांच केंद्रीय अधिनियमों अर्थात् कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1952, कर्मचारी प्रतिपूर्ति अधिनियम, 1923, मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 और ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972, असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 आदि के माध्यम से उनकी पात्रता के अनुसार प्रदान की जाती है।

(ङ) भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और पीएम विश्वकर्मा सहित विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन करती है।

*****

अनुलग्नक –I

## दिनांक 12.03.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3229 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित एमएसएमई द्वारा उद्यम और उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर रिपोर्ट किए गए रोजगार का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार विवरण

| दिनांक 01/07/2020 से दिनांक 28/02/2026 तक उद्यम और यूएपी के अंतर्गत राज्य-वार कुल उद्यमों का विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | महिला | सामान्य | एससी | एसटी | ओबीसी | रोजगार |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 22,050 | 158 | 4 | 22,212 | 6,469 | 16,643 | 340 | 264 | 4,961 | 3,98,622 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 39,10,570 | 17,044 | 988 | 39,28,602 | 21,23,140 | 18,54,220 | 4,52,127 | 82,957 | 15,38,925 | 2,00,10,734 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 48,466 | 385 | 19 | 48,870 | 22,028 | 9,492 | 900 | 36,306 | 2,169 | 2,82,962 |
| 4 | असम | 15,05,604 | 6,722 | 527 | 15,12,853 | 5,40,510 | 9,13,974 | 1,30,278 | 1,39,319 | 3,29,164 | 1,03,51,439 |
| 5 | बिहार | 42,60,648 | 12,046 | 591 | 42,73,285 | 19,61,367 | 16,71,479 | 3,83,881 | 81,951 | 21,35,593 | 1,74,89,820 |
| 6 | चंडीगढ़ | 79,655 | 1,267 | 132 | 81,054 | 20,819 | 66,031 | 8,858 | 466 | 5,648 | 4,38,091 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 13,39,243 | 8,378 | 724 | 13,48,345 | 5,74,250 | 5,35,569 | 1,37,494 | 1,31,462 | 5,43,717 | 45,00,369 |
| 8 | दिल्ली | 14,37,031 | 28,503 | 2,763 | 14,68,297 | 3,88,759 | 11,93,277 | 1,05,109 | 8,313 | 1,60,550 | 90,74,082 |
| 9 | गोवा | 1,28,876 | 1,125 | 79 | 1,30,080 | 50,387 | 1,04,040 | 2,696 | 5,320 | 17,993 | 4,93,602 |
| 10 | गुजरात | 43,11,480 | 54,254 | 4,239 | 43,69,973 | 11,77,561 | 28,16,539 | 2,45,279 | 2,04,756 | 11,02,436 | 1,69,96,258 |
| 11 | हरियाणा | 19,93,593 | 23,076 | 1,770 | 20,18,439 | 5,61,213 | 12,41,047 | 2,94,110 | 11,860 | 4,70,956 | 96,90,246 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 3,40,316 | 2,578 | 210 | 3,43,104 | 79,037 | 2,35,123 | 63,737 | 14,279 | 29,899 | 14,66,814 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 8,48,382 | 3,217 | 216 | 8,51,815 | 2,04,070 | 7,16,853 | 56,543 | 33,718 | 44,643 | 33,28,337 |
| 14 | झारखंड | 15,52,169 | 5,926 | 356 | 15,58,451 | 7,16,300 | 7,18,483 | 1,14,271 | 99,444 | 6,26,063 | 63,18,392 |
| 15 | कर्नाटक | 49,57,416 | 31,600 | 2,298 | 49,91,314 | 21,64,982 | 25,37,960 | 5,28,357 | 2,06,159 | 17,17,819 | 2,68,20,966 |
| 16 | केरल | 18,28,845 | 12,952 | 770 | 18,42,567 | 8,45,710 | 9,68,107 | 84,528 | 8,731 | 7,80,793 | 63,32,593 |
| 17 | लद्दाख | 20,148 | 113 | 3 | 20,264 | 6,290 | 1,808 | 160 | 18,189 | 107 | 59,804 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2,451 | - | - | 2,451 | 583 | 57 | 8 | 2,303 | 83 | 7,468 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 48,06,656 | 19,883 | 1,186 | 48,27,725 | 16,88,497 | 16,25,472 | 6,33,908 | 3,34,477 | 22,33,497 | 1,56,70,425 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,00,62,775 | 74,792 | 6,911 | 1,01,44,478 | 36,01,743 | 66,24,877 | 9,32,928 | 2,69,718 | 23,14,923 | 3,44,82,817 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | मणिपुर | 1,77,660 | 424 | 18 | 1,78,102 | 99,447 | 97,379 | 10,636 | 30,422 | 39,620 | 8,59,412 |
| 22 | मेघालय | 73,637 | 417 | 33 | 74,087 | 37,049 | 15,641 | 1,306 | 55,897 | 1,238 | 4,35,444 |
| 23 | मिजोरम | 52,295 | 215 | 8 | 52,518 | 30,896 | 3,216 | 288 | 48,901 | 110 | 2,73,464 |
| 24 | नागालैंड | 74,556 | 174 | 16 | 74,746 | 38,311 | 13,893 | 1,114 | 58,101 | 1,629 | 3,12,462 |
| 25 | ओडिशा | 24,26,473 | 10,061 | 611 | 24,37,145 | 10,74,819 | 12,88,255 | 3,03,293 | 1,37,437 | 7,07,939 | 1,18,53,428 |
| 26 | पुदुचेरी | 1,07,477 | 670 | 59 | 1,08,206 | 52,517 | 54,450 | 6,356 | 294 | 47,078 | 4,33,728 |
| 27 | पंजाब | 21,19,440 | 16,959 | 1,231 | 21,37,630 | 6,68,100 | 15,15,705 | 4,13,921 | 6,594 | 2,01,058 | 93,77,856 |
| 28 | राजस्थान | 44,17,368 | 27,307 | 1,663 | 44,46,338 | 10,91,993 | 15,25,653 | 5,58,323 | 2,64,632 | 20,97,004 | 1,93,28,470 |
| 29 | सिक्किम | 36,092 | 164 | 13 | 36,269 | 18,742 | 13,572 | 2,479 | 9,784 | 10,433 | 1,56,343 |
| 30 | तमिलनाडु | 61,85,422 | 39,356 | 2,831 | 62,27,609 | 27,60,029 | 40,59,003 | 4,26,876 | 28,445 | 17,11,833 | 3,22,49,286 |
| 31 | तेलंगाना | 38,11,016 | 20,278 | 1,789 | 38,33,083 | 20,81,676 | 14,72,357 | 4,66,117 | 2,44,894 | 16,49,103 | 2,10,27,669 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 34,839 | 915 | 135 | 35,889 | 9,059 | 26,250 | 1,100 | 3,043 | 5,481 | 2,98,638 |
| 33 | त्रिपुरा | 3,13,252 | 708 | 47 | 3,14,007 | 2,00,444 | 1,37,881 | 66,175 | 47,363 | 62,580 | 12,91,031 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 85,60,188 | 40,421 | 2,663 | 86,03,272 | 26,28,802 | 35,44,258 | 11,03,505 | 72,835 | 38,81,492 | 3,80,03,838 |
| 35 | उत्तराखंड | 6,45,148 | 4,054 | 274 | 6,49,476 | 1,97,780 | 4,11,499 | 72,930 | 11,288 | 1,53,639 | 28,32,490 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 52,84,347 | 24,193 | 1,786 | 53,10,326 | 30,19,242 | 42,70,030 | 6,42,725 | 60,945 | 3,36,059 | 2,21,12,089 |
| | **कुल:-** | **7,77,75,584** | **4,90,335** | **36,963** | **7,83,02,882** | **3,07,42,621** | **4,23,00,093** | **82,52,656** | **27,70,867** | **2,49,66,235** | **34,50,59,489** |